**भारत सरकार**
**वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय**
**उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग**
**राज्य सभा**

**<u>अतारांकित प्रश्न संख्या: 1011</u>**

**<u>शुक्रवार, 28 जुलाई, 2023 को उत्तर दिए जाने के लिए</u>**

**व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए योजना**

1011. **श्री अरूण सिंहः**

क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने बारह देशों के साथ व्यापार और निवेश को प्राथमिकता देने के लिए कोई योजना बनाई है;

(ख) क्या विशिष्ट क्षेत्रों में प्रत्येक देश के साथ व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए कोई योजना बनाई गई है; और

(ग) इन देशों के साथ विशेष रूप से इंजीनियरिंग उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिये क्या योजना है?

**उत्तर**
**वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री सोम प्रकाश)**

**(क) से (ग)**: वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय को विदेश व्यापार नीति (एफटीपी) तथा बहुपक्षीय और द्विपक्षीय वाणिज्यिक संबंधों के संदर्भ में नीति निर्धारण, कार्यान्वयन तथा मॉनिटरिंग करने के साथ-साथ निर्यात संवर्धन, व्यापार संबंधी सुविधाएं प्रदान करने का कार्य सौंपा गया है। मंत्रालय नई और आगामी प्रौद्योगिकी में निवेश की सुविधा, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में तेजी लाने तथा उद्योग और व्यापार के संतुलित विकास में सहायता करके देश के औद्योगिक विकास को भी प्रोत्साहित करता है।

देश में व्यापार और निवेश में वृद्धि तथा उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए मंत्रालय ने संबंधित हितधारकों अर्थात उद्योग मंडलों, निर्यात संवर्धन परिषदों, इन्वेस्ट इंडिया आदि के साथ विचार विमर्श किया है। इस एप्रोच में देश के एफडीआई सिग्नल, रिलोकेशन सिग्नल, विविधीकरण कार्यनीति आदि से संबंधित आंकड़े शामिल हैं। इनके आधार पर विभिन्न प्राथमिकता वाले देश मंत्रालय के कार्यक्षेत्र के अधीन हैं। संबंधित क्षेत्र/प्रदेश में भागीदारी के लिए प्रमुख व्यापार आयोजनों/मेलों/रोड शो की पहचान भी की गई है।

******